हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–201 : जौनपुर, सोमवार 15 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीबीआई कोर्ट में पेशी के बाद सीतापुर जेल लौट गए सपा नेता आजम खां

लखनऊ ब्यूरो : जल निगम भर्ती घोटाले में आरोपी पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान सोमवार को लखनऊ स्थित सीबीआई कोर्ट में पेश हुए और पेशी के बाद सीतापुर जेल के लिए रवाना हो गए। वह विशेष न्यायाधीश मनोज पांडे के निर्देश पर कोर्ट में पेश हुए। सीतापुर जेल में बंद आजम खान को कोर्ट में पेश करने का आदेश गत दिनों दिया गया था लेकिन उन्हें कोर्ट में पेश नहीं किया जा रहा था। इस पर कोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए आजम को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया था। आजम खां पर आरोप है की उन्होंने सपा सरकार में रहते हुए जल निगम में 122 सहायक अभियंता, 853 अवर अभियंता, 335 लिपिक 32 आशुलिपिकों की भर्ती नियम विरुद्ध करके बहुत बड़ा घोटाला किया था। इस मामले में सरकार ने 13



जुलाई 2017 को एसआईटी लखनऊ से जांच कराई थी।

## 17 नवंबर को अरवल कीरी करवत गांव में आ रहे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के चर्चित एमएलसी सुनील सिंह साजन और एमएलसी आनंद भदौरिया के अचानक पहुंचने की खबर जैसे ही पुलिस प्रशासन को लगी, दोनों नेताओं को पुलिस ने सेमरी के पास घेरे में ले लिया। पहले रोका गया, काफी नोकझोंक हुई,बावजूद इसके दोनों नेता नहीं माने तो भारी पुलिस बल के बीच जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के सपा कार्यालय नंदी का धाम पहुंचे। जहां पर उपस्थित सपाई के बीच दोनों नेताओं ने 17 तारीख को सदर जयसिंहपुर आ रहे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के ऐतिहासिक स्वागत के लिए तैयारी बैठक की। इस दौरान पुलिस की कई गाड़ियां और पुलिस प्रशासन ने बड़ी संख्या ने पुलिस बल लगा रखा था। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के 17 नवंबर को सदर जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के अरवल किरी करवत गांव में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी बैठक को लेकर पहुंचे एमएलसी सुनील सिंह साजन और एमएलसी आनंद भदौरिया पुलिस के घेरे में पूर्व विधायक अरुण वर्मा के नंदी धाम कार्यालय पर पहुंचे। पुलिस घेरे में ही सपाइयों की तैयारी बैठक हुई। बाद में दोनों एमएलसी को पुलिस के घेरे में लेकर सिटी के बाहर के रास्ते से जिले की सीमा तक निकाला गया। इस दौरान सपाइयों का काफिला साथ रहा। जिले की सीमा के बाहर करने के बाद ही पुलिस विभाग ने राहत की सांस ली। फिलहाल तैयारी बैठक में जिले के सभी पदाधिकारियों एवं विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले नेताओं को दोनों एमएलसी ने जिम्मेदारी सौंपी



है कहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का 17 नवंबर को होने वाली रैली ऐतिहासिक होनी चाहिए। इसमें कहीं से कोई चूक नहीं होनी चाहिए। दोनों नेताओं ने कहा कि सपा का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। जिसमें कई लाख जनता की भीड़ होगी। भीड़ देखकर ही विपक्षियों की चूलें हिल जाएंगी। इस दौरान दोनों एमएलसी ने कूरेभार के पूर्व प्रधान असलम को माला पहनाकर स्वागत किया।तैयारी बैठक में जिला अध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव, जिला महासचिव सलाउद्दीन अहमद, इसौली विधायक अबरार अहमद, उपाध्यक्ष वीरेंद्र मौर्य, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, अशोक वर्मा,अफजाल अंसारी, पप्पू रिजवान पूर्व विधायक भगेलू राम, पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सदर रजा, प्रदेश सचिव विनोद जायसवाल, राहुल उपाध्याय, विधानसभा अध्यक्ष सीताराम यादव, हौसिला यादव, स्वामीनाथ यादव, नन्हे राम निषाद, बी.एम यादव, दीपक शुक्ला,युवा सपा नेता बृजेश यादव,इन्द्र प्रसाद यादव,व्यापार सभा जिला अध्यक्ष गुलाब जायसवाल, लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष राम प्रकाश मौर्य, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष देवता दी निषाद, विनोद गौतम आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राजकीयकरण और सिटीजन चार्टर के लिए संघर्ष तेज होगा : विनय कुमार वर्मा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित 14 सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौपा इस दौरान जिलाध्यक्ष विनय कुमार वर्मा एवं जिला मंत्री हौसिला पाल ने संयुक्त बयान में कहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग में कई समस्याएं वर्षों से लंबित है आज के ज्ञापन में मुख्यमंत्री से पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण ( प्रांतीयकरण ) करने, माध्यमिक शिक्षा विभाग के कार्यालयों को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए सिटीजन चार्टर लागू करने।, 1986 के काले कानून को समाप्त करते हुए वित्त विहीन विद्यालयों को ग्रांट पर लिये जाने और जब तक ग्रांट पर नहीं लिया जाता तब तक वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मान जनक मानदेय दिये जाने।, सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक का चयन प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से कराये जाने,NOC रहित अनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया तत्काल पूर्ण काराये जाने।,चयन बोर्ड से चयनित एवं अन्य जनपदों से स्थानांतरित होकर आने वाले शिक्षकों को शोषण से मुक्ति दिलाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर कार्यभार ग्रहण कराये जाने, स्थानांतरण से आने वाले शिक्षकों की



वरिष्ठता का निर्धारिण उनके प्रथम कार्यभार ग्रहण तिथि को आधार मानकर किये जाने ।, प्रवक्ता पद पर प्रमोशन प्रदेश स्तर पर या जनपद स्तर पर किया जाने ।, तदर्थ एवं व्यावसायिक शिक्षकों का विनियमितिकरण किये जाने ।, राजकीय कर्मचारियों की भांति कैशलेश चिकित्सा व्यवस्था लागू किये जाने एवं 2014 से बंद सामूहिक बीमा पुनः प्रारंभ किये जाने।, माध्यमिक शिक्षा विभाग में 50% अधिकारियों का चयन विभागीय परीक्षा के माध्यम से किये जाने तथा चयन बोर्ड से चयनित TGT/PGT 2021 के अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा वितरित करते हुए प्रदेश भर में एक तिथि पर कार्यभार ग्रहण कराये जाने एवं कार्यभार ग्रहण न कराने वाले प्रबन्ध समितियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग शामिल है । इस दौरान केशव कुमार मौर्या ,राम सूरत मौर्या ,अमित मिश्रा, लाल बिहारी यादव,विनोद कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## डीएम एचयूएल में अधिकारियों संग पीएम आगमन हेतु तैयारी बैठक सम्पन्न

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : अब वह दिन दूर नहीं किसानों का इंतजार हुआ खत्म हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड से किसानों को कोटेड यूरिया मिलना दिसंबर के पहले सप्ताह से प्रारंभ हो जाएगा उसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान एम से आम जनता के लिए पूर्ण रूप से सौगात देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एचयूएल का उद्घाटन करने के बाद एक बड़ी जनसभा को संबोधित कर सकते हैं और गोरखपुर सहित पूर्वांचल वासियों को बहुत बड़ी सौगात दे सकते हैं जिला प्रशासन अपनी तैयारी में पूरी जोर–शोर से लग गया है पीएम मोदी के आगमन को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही ना रहे जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन अपनी तैयारी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी विजय किरन आनंद की अध्यक्षता में एचयूएल परिसर में जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों व एचयूएल के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी। पीएम मोदी हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) खाद कारखाना के साथ ही अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भी जा सकते हैं। वह खाद कारखाना परिसर में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर डीएम विजय किरन आनन्द ने खाद कारखाना परिसर में बैठक की। बैठक में प्रशासन के साथ ही पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, बिजली निगम आदि विभागों के अफसरों को जिम्मेदारियां दिया। पीएम मोदी के दिसंबर के पहले हफ्ते में आगमन से पहले सभी तैयारियां समय से पूरी कर लेनी है। 22 जुलाई 2016 में खाद कारखाना का शिलान्यास करने आए थे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2017 में होने वाले विधानसभा चुनाव का यहीं से बिगुल फूंका था। वर्ष 2019 में होने



वाले लोकसभा चुनाव से पहले वर्ष 2018 में पीएम मोदी खाद कारखाना के मैदान में आए थे।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों खाद कारखाना और एम्स मिलने के साथ ही पूर्वांचल के नागरिकों को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की भी सौगात मिल सकती है। इसके लिए प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। खाद कारखाना का लोकार्पण इसी साल फरवरी महीने में होना तय था लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण देर हुई। इसके बाद जुलाई में लोकार्पण की तैयारी थी लेकिन कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के कारण फिर काम रुक गया। अब दिसंबर के पहले हफ्ते में नीम कोटेड यूरिया के उत्पादन के लिए खाद कारखाना तैयार हो गया है। फर्टिलाइजर में लगभग सभी प्लांट तैयार हो चुके हैं कोटेड यूरिया तैयार करने के लिए बस इंतजार है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों उद्घाटन करने का मशीनों का ट्रायल तेजी से चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जुलाई 2016 को नीम कोटेड यूरिया बनाने के लिए हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड का शिलान्यास किया था। 2021 अक्टूबर को पूर्ण करने का जापान की टोकियो कंपनी को लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसकी अनुमानित लागत लगभग आठ हजार करोड़ रुपए है जिसमें 10,000 प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से कर्मचारी अपने जीविकोपार्जन कर अपने परिवार का लालन पालन कर सकेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाधिकारी विजय किरन आनंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा सीडीओ इंद्रजीत सिंह ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर कुलदीप मीना एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह सिटी मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव नगर आयुक्त अविनाश सिंह तहसीलदार सदर बृजमोहन शुक्ला तहसीलदार न्यायिक नीलम तिवारी सहित एचयूएल के वरिष्ठ अधिकारी चिलुवाताल प्रभारी व अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## साहिब श्री गुरूनानक देव जी महाराज के जन्मोत्सव पर निकली प्रभात फेरी

आर एल पाण्डेय लखनऊ। साहिब श्री गुरूनानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) पर एक भव्य प्रभात फेरी की अगुवाई परम्परागत वेशभूषा से सुसज्जित पांच प्यारे अपने हाथों में खुली कृपाण लेकर कर रहे थे, जिनके पीछे फूलों से सुसज्जित भव्य पालकी साहिब को श्रद्धालुगण लेकर चल रहे थे। श्री गुरूग्रन्थ साहिब जी को ज्ञानी सुखदेव सिंह जी चांवर कर रहे थे। श्रद्धालुगण पालकी के आगे मार्ग की सफाई करके श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी की शाही सवारी के लिये मार्ग पर पुष्प बिछा रहे थे। प्रभात फेरी इंचार्ज स0 हरविन्दरपाल सिंह नीटा जी एवं राजवन्त सिंह बग्गा नेतृत्व में गुरूद्वारा नाका हिण्डोला से चलकर यह प्रभात फेरी बांसमण्डी चौराहा, सब्जी मंडी पानदरीबा पहुँची। सड़क के दोनों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के दर्शन हेतु खड़ी थी, गुरूद्वारा आर्या नगर,मोती नगर चौराहा,गौरियामठ रोड,ऐशबाग रोड,डी0 ए0 वी0 कालेज,नाका हिण्डोला होते हुए वापस गुरूद्वारा साहिब पहुँची, जहॉ श्री गुरूग्रन्थ साहिब जी की शाही सवारी को ''गार्ड ऑफ ऑनर'' पेश किया गया।सम्पूर्ण मार्ग पर श्रद्धालुओं द्वारा स्टाल लगाकर खीर, समोसे, बिस्कुट व चाय इत्यादि प्रसाद के रूप में वितरित किये गये। दीवान हाल में रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी द्वारा गुरबाणी कीर्तन के बाद ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने कथा व्याख्यान किया। अरदास के उपरान्त समूह साध संगत में गुरू का लंगर वितरित किया गया। लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने साहिब श्री गुरू नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) पर



बधाई देते हुए बताया कि दिनांक 18.11.2021 सांय 6.00 बजे से 10.00 बजे तक गुरूद्वारा नाका हिण्डोला दिनांक 19.11.2021 को प्रातः 5.30 बजे से सांय 5.00 बजे तक डी0ए0वी0 कालेज ऐशबाग रोड एवं शाम का दीवान सांय 6.00 बजे से 10.30 बजे तक गुरूद्वारा नाका हिण्डोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। स्टेज सेक्रेट्ररी सतपाल सिंह मीत ने बताया कि इस अवसर समागम में प्रसिद्ध रागी जत्था भाई जसबीर सिंह जी, श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर, भाई सन्तोख सिंह जी जालन्धर वाले भाई सुरजीत सिंह जी दिल्ली वाले, विशेष रूप से पधार रहे हैं। गुरू का लंगर भी श्रद्धालुओं में वितरित किया जायेगा। महामंत्री हरमिन्दर सिंह टीटू ने बताया कि इस प्रभात फेरी में कई निष्काम जत्थे बंदियों सिख यंग मैन्स एसोसियेशन,दशमेश सेवा सोसाइटी,सिमरन साधना परिवार,दशमेश सेवा दल,सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी,माता गुजरी सत्संग सभा,सिख सेवक जत्था,यूथ खालसा एसोसियेशन पंजाबी यूथ एसोसियेशन के अतिरिक्त लखनऊ स्थित सिंह सभाओं ने हिस्सा लिया। बैण्ड बाजों के साथ गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कालेज, गुरूनानक विद्यालय चन्दर नगर की छात्राओं एवं खालसा इण्टर कालेज के छात्रों ने पहली बार दस्तार बांध कर प्रभात फेरी में भाग लिया। 3 यू0पी0 नवल यूनिट एन0सी0सी0 100 कैडेट ने भाग लिया।

## अटल जनशक्ति पार्टी की हुई मीटिंग

आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज अटल जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव द्विवेदी मानस पुत्र श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की अध्यक्षता में मीटिंग की गई। मीटिंग का आयोजन संजीत तिवारी राष्ट्रीय महासचिव द्वारा आयोजित की गई जिसमें देवेंद्र शुक्ला को अटल जनशक्ति पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस



अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश त्रिवेदी एडवोकेट, प्रदेश सचिव मदनमोहन शर्मा, पिछड़ा वर्ग उत्तर प्रदेश दीप चंद गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष लखनऊ योगेश दीक्षित एडवोकेट, अखिलेश वर्मा एडवोकेट उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## कर्मचारियों के हित की लड़ाई पहले भी लड़ता रहा हूं और आगे भी लड़ता रहूंगा :उपेंद्र प्रताप सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डा उपेन्द्र प्रताप सिंह को डिप्लोमा फार्मास्टि उ० प्र० के नौवी बार प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने जाने के बाद जनपद में प्रथम आगमन पर जिला महिला चिकित्सायल के प्रागण भव्य स्वागत किया गया ।अपने स्वागत से गदगद डा ० उपेन्द्र प्रताप सिंह



ने कहा कि कर्मचारियों के हित की लड़ाई पहले भी लड़ता रहा हूं और आगे भी लड़ता रहूंगा ।कर्मचारियों के सुख दुख में भी गए उनके साथ बराबर कंधे से कंधा मिलाकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करूंगा किसी भी कर्मचारी को किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर मैं उनके साथ सदैव खड़ा नजर आऊंगा जो भी संभव मदद होगी उसे जरूर पूरा करूंगा आप लोगों के प्यार और स्नेह के कारण ही मुझे पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसका मैं पूरी तरह से पालन और निर्वहन करूंगा अन्त में कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा ० विनय सिंह डा ० आशुतोष पाठक , डा ० आर ० वी ० द्विवेदी , डा ० महेश नरायाण डा ० योगेन्द्र सिंह , डा ० संचिन सिंह डा ० अतहर डा ० रवि दुबे डा ० जाहिद अख्तर प्रयोगशाला संवर्ग के अध्यक्ष अली अहमद , नर्सेज संवर्ग के अध्यक्ष श्रीमती शारदा सिंह , लिपिकीय सवर्ग से श्रीमती सुमन यादव व अमित सिंह विवेक सिंह चन्दन सिंह , विपुल सिंह , अंकित सिंह , अतुल सिंह अभिषेक श्रीवास्तव , सर्वेश पाल शिवम प्रमोद प्रमोद यादव बजरंग बहादुर आदि उपस्थित रहे।

## शोभा यात्रा व मानस पाठ से शुरू होगा बालाजी महोत्सव

आर एल पाण्डेय गोण्डा। श्री बालाजी सरकार का चतुर्थ जागरण महोत्सव बड़गांव पुलिस चौकी के निकट एक मैरिज हाल में मंगलवार को भव्य शोभा यात्रा एवं रामचरित मानस के अखंड पाठ से शुरू हो रहा है। बालाजी सरकार परिवार के कार्यक्रम आयोजक संतोष कसौधन ने तीन दिवसीय कार्यक्रम का विवरण देते हुए बताया कि 16 नवंबर को प्रातः 8:00 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ मालवीय नगर स्थित पुरानी हनुमानगढ़ी से आयोजन स्थल तक शोभा यात्रा से होगा। शोभा यात्रा के बाद सुबह 9:00 बजे से अखंड रामचरितमानस का पाठ शुरू होगा। बुधवार को सायं 7:00 बजे से राजा छलिया व लकी राजा द्वारा श्रद्धालुओं के आकर्षण के लिए आकर्षक झांकी की प्रस्तुति के साथ दिल्ली के गायक तरुण सागर अयोध्या के ऋतुराज व स्थानीय रोहित शर्मा जागरण में अपने सुरों की शमां बिखेरेंगे। गुरुवार को दोपहर 12:00 बजे बालाजी सरकार को सवामणी भोग अर्पित करने के बाद भंडारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सहयोगी जगतराम अग्रवाल ने जनपद के बालाजी सरकार के सभी श्रद्धालु भक्तों से कार्यक्रम एवं भंडारे में भाग लेने का अनुरोध किया है।

## आशा कर्मियों ने धरना देकर सौंपा ज्ञापन

आर एल पाण्डेय गोण्डा । पुलिस की पिटाई से शाहजहांपुर में आशा कर्मचारियों के घायल होने के विरोध में सोमवार को आशा कर्मचारी यूनियन



ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रांतीय संरक्षक कामरेड दिलीप शुक्ला के नेतृत्व में धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित 9 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में मांग किया गया है कि शाहजहांपुर में पुलिस द्वारा पिटाई से घायल आशा कर्मचारियों के समुचित उपचार व्यवस्था की जाए और दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित किए जाएं। आशा और आशा संगिनी को न्यूनतम वेतन व स्मार्टफोन सहित क्षेत्र भ्रमण के लिए अन्य सुविधाएं दी जाएं। स्टाफ नर्स व एएनएम की भर्ती में आशा कर्मचारियों को 50 प्रतिशत कोटा निर्धारित की जाए। सीएससी केंद्रों पर प्रसव के दौरान हो रही अवैध वसूली व प्रसूता के भोजन में की जा जा रही धांधली को तत्काल रोका जाए। धरना प्रदर्शन में ममता तिवारी, कविता सिंह, इंदू सिंह, राजकुमारी यादव व नीलम सिंह मौजूद रहीं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*जो शिक्षाओं के अर्थ को अनुभव में नहीं लाते, वे अनर्थ के सहज शिकार बनते हैं–*

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# त्रिपुरा हिंसा : बांग्लादेश को चीन–पाक धुरी से जोड़ने की

पिछले दिनों त्रिपुरा में हुई सांप्रदायिक हिंसा और उसमें त्रिपुरा हाइकोर्ट के हस्तक्षेप के राजनीतिक–कूटनीतिक निहितार्थ को सही ढंग से समझने के लिए हमें बांग्लादेश चलना पड़ेगा। 13 अक्तूबर को बांग्लादेश के कुमिल्ला शहर की एक बस्ती में दुर्गा पूजन समारोह चल रहा था। अचानक एक फोटो वायरल होता है, जिसमें हनुमान की मूर्ति के पैरों पर कुरान शरीफ को रखा दिखाया गया था। इसके बाद बांग्लादेश की आपातकालीन सेवा के नंबर 999 पर इसकी खबर दी जाती है। फिर पूर्व नियोजित तरीके से हिंदुओं के घरों पर हमले किए जाने लगे। हिंदुओं को बचाने में पुलिस फायरिंग में छह दंगाई मारे गए।

बांग्लादेशी प्रेस के अनुसार, दुर्गा पूजा पंडाल तक कलाम पाक को इकबाल हुसैन ले गया और उसी ने बेहुरमती का अपराध किया। इकराम हुसैन ने 999 को सूचित किया। फयाज अहमद ने उसे फेसबुक पर डाला। इन तीनों का संबंध प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जमात–ए–इस्लामी या अन्य कट्टरपंथी संगठनों से है। भारत की मित्र, अवामी लीग की नेता, प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद ने फौरी प्रतिक्रिया में प्रशासन को सख्त कार्रवाई का आदेश देते हुए जनता से सोशल मीडिया पर यकीन न करने की अपील की।

बांग्लादेश विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पचास साल पहले कुछ घरेलू ताकतों ने देश की आजादी का विरोध किया था। हिंसा, नफरत और कट्टरपन फैलाने में यही ताकतें लगी हुई हैं। हिंसा के कुछ दिन बाद कोलकाता आए बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्री हसन महमूद ने कहा,'हमारा यकीन है कि न तो कोई हिंदू और न मुसलमान पूजा पंडाल में कलाम पाक को रखेगा। और न मस्जिद में गीता को रखा जाएगा। देश में अराजकता और अस्थिरता फैलाने की कट्टरपंथियों की यह चाल थी।

वर्ष 1971 में पाकिस्तान के नजदीकी लोगों ने आजादी की लड़ाई का विरोध किया थाय उनकी संतानें आज भी यहीं हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), जमात और इसी तरह के संगठन फिरकापरस्ती पर पनपते हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के ध्वस्त किए गए घरों और मंदिरों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। बीएनपी और जमात ने रिकॉर्ड की खातिर यह सफाई तो दी कि हिंदू विरोधी हिंसा में उनका हाथ नहीं है, पर हिंसात्मक घटनाओं की निंदा नहीं की।

बांग्लादेश सरकार ने जिन ताकतों का जिक्र किया, उनके इतिहास को याद रखना जरूरी है। 25 मार्च, 1971 को पूर्वी पाकिस्तान की बंगाली आबादी के निर्विवाद नेता, शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर्रहमान ने स्वतंत्र बांग्लादेश की घोषणा की थी। उसी रात पाकिस्तानी सेना के नेतृत्व में जमात और अल बद्र नामक कट्टरपंथी संगठन ने पूरे देश में हिंदुओं, लीग के कार्यकर्ताओं और प्रोफेसर मोनी सिंह के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों का कत्लेआम शुरू कर दिया था।

बांग्लादेश की आजादी के बाद शेख मुजीब स्वातंत्र्य संघर्ष के विरोधियों पर मुकदमा चलाने के पक्षधर थे। अवामी लीग का नेतृत्व जनता की इच्छा के अनुरूप करीब छह लाख बिहारी मुसलमानों को पाकिस्तान भेजना चाहता था, क्योंकि वे खुद अपने को पाकिस्तान का पांचवां दस्ता साबित कर चुके थे। अंतरराष्ट्रीय दबाव में पाकिस्तान के वफादार कानून के फंदे से बच गए। यही लोग अब और ताकतवर होकर 1971 की हार का बदला लेना चाहते हैं।

स्वाभाविक रूप से भारत इन ताकतों पर अवामी लीग की विजय चाहेगा। लेकिन त्रिपुरा की घटनाएं शेख हसीना और भारत को नुकसान पहुंचाएंगी। त्रिपुरा के एडवोकेट जनरल सिद्धार्थ शंकर डे ने कोर्ट में दायर हलफनामे में बताया, 'बांग्लादेश में दुर्गा पूजा पंडालों और मंदिरों में हुई तोड़फोड़ के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद ने 26 अक्तूबर को रैली निकाली थी, इसमें दोनों समुदायों के बीच 'कुछ झड़पें' हुई थीं। दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर आरोप लगाए। तीन दुकानों को जलाने, तीन घरों और एक मस्जिद को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगा।

विहिप ने अपनी शिकायत में रैली पर हमले का आरोप लगाया।' जांच के लिए पहुंचे सुप्रीम कोर्ट के वकीलों पर यूएपीए लगाए जाने और उसके बाद एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के वक्तव्य ने विवाद को बढ़ा दिया है। राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए। दक्षिण एशिया का मौजूदा परिदृश्य भारत के प्रतिकूल है। पाकिस्तान की राजनीति पर फौज का शिकंजा इस कदर कस चुका है कि प्रधानमंत्री इमरान खान अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल कर अपनी पसंद के जनरल को आईएसआई का प्रमुख भी नहीं बनवा सके।

फौज अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत की खास तरफदार और मददगार है। सभी तालिबानी भारत के विरोधी नहीं हैं, लेकिन उनका एक बड़ा वर्ग फिलहाल भारत के अनुकूल नहीं हो सकता। बांग्लादेश सेना के एक वर्ग की सहानुभूति हमेशा कट्टरपंथियों के साथ रही है। बांग्लादेश में जब कभी सैनिक तानाशाही या बीएनपी–जमात की सरकार होती है, वहां के हिंदुओं और भारत के लिए नई–नई समस्याएं पैदा होती हैं। बांग्लादेश पूर्वोत्तर के हथियारबंद बागियों का पनाहघर बन जाता है।

भारत को तोड़ने में लगे अनेक विद्रोही संगठनों के नेताओं की चीन यात्राएं और उन्हें चीनी हथियारों की आपूर्ति सर्वविदित है। वर्ष 1971 में बांग्लादेश में पाकिस्तान के युद्ध अपराधों में मददगार बने चीन का बांग्लादेश में प्रभाव बढ़ चुका है। बांग्लादेशी सेना को ज्यादातर हथियार चीन से मिलते हैं। यह चीन और अवामी लीग विरोधी ताकतों के असर का ही नतीजा है कि शेख हसीना भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए गलियारे की सुविधा देने की हिम्मत अभी तक नहीं जुटा सकी हैं।

भारत के अनुकूल यह है कि वर्ष 1971 में पाकिस्तान के साथ खड़ा अमेरिका आज भारत का सामरिक भागीदार है। अमेरिका सिर्फ अपने हित में चीन को खुला खेल खेलने की छूट नहीं देने वाला। बांग्लादेश में भारत विरोधी मोर्चे को शिकस्त देना नामुमकिन नहीं है। शेख हसीना की भारत से यह अपील दूरगामी महत्व की है, 'भारत को हर हाल में यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वहां ऐसा कुछ न हो, जिससे बांग्लादेश पर असर पड़े और हिंदू समुदाय को आघात पहुंचे।'

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## सौम्य, शालीन, संवेदनशीलता का दूसरा नाम है: एस के जैन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिले के मंडलीय डाक अधीक्षक एसके जैन बेहद संवेदनशील और अनुशासन प्रिय अधिकारी हैं श्री जैन की सौम्यता और शालीनता तथा कर्मचारियों के दुख दर्द में अपना योगदान के चर्चे कर्मचारियों की जुबान पर रहते हैं उन्होंने अपने चेंबर के बाहर लगी नीली और लाल बत्ती अपने कार्यकाल तक जलाने बुझाने के कार्य को अलविदा कह दिया है श्री जैन का मानना है कि जिस विभाग के वह मुखिया हैं उस विभाग का एक छोटा या बड़ा कर्मचारी उनसे सीधे मिल सकता है तथा अपनी पीड़ा और समस्या बता सकता है यही वजह है कि श्री जैन कर्मचारियों की विभागीय और पारिवारिक समस्याएं भी सुलझाने में देर नहीं करते हैं कभी किसी कर्मचारी की खाकी द्वारा प्रताड़ना का समाचार मिलते ही वह खाकी तक से टकराने में गुरेज नहीं करते हैं डाक विभाग के पारिवारिक मुखिया का दायित्व भली–भांति निभाते हैं साथ ही अनुशासन के मामले में भी वह कोई ढील नहीं देते हैं आए दिन होने वाले महा लोगिन डे मे वह स्वयं मेहनत करते हैं कार्य के प्रति समर्पित कर्तव्यनिष्ठ श्री जैन ने हरदोई जिले को भारतवर्ष के नक्शे पर नई पहचान दी है यही नहीं बरसों से चली आ रही डाक कर्मचारियों और ग्रामीण डाक कर्मचारियों के बीच की खाई को भी उन्होंने पाट दिया है कर्मचारी बताते हैं कि यह ऐसे पहले डाक अधीक्षक हैं जिन्होंने ग्रामीण डाक सेवकों का सम्मान कर उनके बलबूते प्रदेश और देश तक में अपने कार्य के झंडे फहरा दिए। कर्मचारी बताते हैं कि ग्रामीण डाक कर्मचारियों की सकारात्मक उर्जा का परिणाम श्री जैन ने डाक विभाग के आला हुक्मरानों के समक्ष



इस तरह से पेश किया कि उनकी नजरों में भी ग्रामीण डाक कर्मचारियों के लिए सम्मान बढ़ गया श्री जैन की दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है कि वह अपने कर्मचारी से जिस तरह चाहते हैं उस तरह से कार्य संपादित करा लेते हैं श्री जैन भले ही आगरा के रहने वाले हो लेकिन उनके द्वारा हरदोई में बनाई गई कर्मभूमि कर्मचारी युगो युगो तक याद करते रहेंगे श्री जैन का अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से भी बेहद गहरा लगाव है और वहां उन कर्मचारियों के दुख सुख में सदा ही सम्मिलित होते हैं श्री जैन की एक और खूबी है कि वह अपने कर्मचारियों को कभी खट्टा तो कभी मीठा अनुभव भी करवाते रहते हैं उनकी सामंजस्य सोच और मानवीय कार्यशैली का भी जवाब नहीं है लॉकडाउन में उनके द्वारा जरूरतमंदों को राहत सामग्री का वितरण हो या फिर लंच पैकेट या फिर चाय का वितरण हर सामाजिक कार्य में भी वह बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने में कभी भी पीछे नहीं रहे मानवीय कार्यों मैं उनके द्वारा रफी अहमद किदवाई इंटर कॉलेज में छात्रों के हितार्थ सीलिंग फैन भी गिफ्ट किए गए जिसकी चर्चा भी कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों के बीच अक्सर होती रहती है श्री जैन की दरियादिली का ही परिणाम है कि कोरोना काल में अपनी जीवन लीला समाप्त करने वाले कर्मचारियों के परिवारों की सहायता हेतु श्री जैन की एक आवाज पर कर्मचारियों ने अपने हाथ खोल दिए और देखते देखते लाखों रुपया एकत्र हो गया श्री जैन इस एकत्रित धनराशि से कोरोना का हाल में काल–कलवित्त हुए कर्मचारी के परिजनों की सहायता करेंगे ।श्री जैन ने डाक विभाग के मंडलीय डाक अधीक्षक रहते हुए जो झंडे बुलंदियों तक फहराए उसकी जिले के इतिहास में सदा ही चर्चे होते रहेंगे।

## आजादी का अमृत महोत्सव समापन समारोह तिलकधारी विधि महाविद्यालय पीलीकोठी, जौनपुर के मानवेन्द्र विधि ग्रंथालय भव्य कार्यक्रम के साथ हुआ प्रारंभ

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के उपलक्ष्य में (02 अक्टूबर 2021 से 14 नवम्बर 2021) तक आयोजित किये जा रहे विधिक जागरूकता / साक्षरता कार्यक्रमों के अतंर्गत आज 14 नवम्बर 2021 को आजादी का अमृत महोत्सव समापन समारोह तिलकधारी विधि महाविद्यालय पीलीकोठी, जौनपुर के मानवेन्द्र विधि ग्रंथालय भव्य कार्यक्रम के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ मूट कोर्ट में सिविल एवं पारिवारिक काल्पनिक वादों के माध्यम से छात्र / छात्राओं द्वारा मंचन किया गया। तत्पश्चात् मानवेन्द्र विधि ग्रंथालय में कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण माननीय मदन पाल सिंह, नोडल अधिकारी अमृत महोत्सव विशिष्ट अतिथि रमेश दूबे एवं अतिथि ए0डी0जे0 अंजनी कुमार सिंह, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत बुद्धिराम, श्रीमती शिवानी रावत, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं विशेष अतिथि श्रीमती अपराजिता सिंह, प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष, डा0 प्रकाश सिंह, तथा विधि महाविद्यालय के अध्यक्ष / प्राचार्य डा0 सूर्यप्रकाश सिंह सरस्वती एवं संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजली अर्पित करते हुए दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। मंचाशीन अतिथियों का विधि महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। महाविद्यालय के प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष दुष्यंत सिंह एडवोकेट, बिन्द प्रताप सिंह एडवोकेट, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा0 राधेश्याम, वीरेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट, बी0डी0 सिंह एडवोकेट, बार के पूर्व अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार सिंह तथा विधि महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्षध्प्राचार्यगण डा0 राजमणि



मिश्रा, डा0 पी0सी0 विश्वकर्मा, डा0 रामअवतार सिंह, डा0 तेजबहादुर सिंह ने अतिथियों को मालार्पण करते हुए स्वागत किया। एलएल0बी0 एवं एलएल0एम0 के छात्रध्छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के अध्यक्षध्प्राचार्य डा0 सूर्यप्रकाश सिंह ने अतिथियों एवं उपस्थित जनों का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती शिवानी रावत ने आजादी के अमृत महोत्सव के 45 दिनों से चल रहे कार्यक्रमों को क्रमबद्ध ढंग्ग से प्रस्तुत किया गया तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन महाविद्यालय में गठित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के को–आर्डिनेटर विधिक साक्षरता केन्द्र डा0 सत्येन्द्र कुमार ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश मदन पाल सिंह ने कहा कि विधि के विद्यार्थी अपने को कक्षा तक सीमित न रखे तथा निर्धन एवं कमजोर की सहायता करें। कार्य के प्रति निष्ठा एवं ईमानदारी उन्हें एक दिन निश्चित ही पीछे से उठाकर हम लोगों के स्थान पर लायेगी। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रबन्ध तंत्र अध्यक्ष प्रो0 प्रकाश सिंह कहा कि लैण्ड टू लैण्ड प्रोग्राम जिस तरह कृषि के क्षेत्र में क्रांति ला दी थी, उसी तरह न्याय को आम जनों तक पहुॅचाकर न्याय के क्षेत्र में क्रांति लायी जा सकती है। प्रबन्ध तंत्र के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री दुष्यंत सिंह ने पूरे कार्यक्रम की समीक्षा प्रस्तुत की एवं श्रीमती अपराजिता सिंह को उनके पति के मृत्यु के बाद उनकी लगभग 2000 विधि पुस्तकों को विधि पुस्तकालय को दान प्रदान करने के लिए कोटी–कोटी धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम के संयोजक एसो0 प्रो0 राजेश कुमार सिंह ने किया।

## रामायण के अखण्ड पाठ में रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

आर. एल. पाण्डेय लखनऊ. हनुमत् कृपा ट्रस्ट के सचिव पं. अनुराग मिश्र के लखनऊ स्थित आवास पर श्रीरामचरितमानस के अखण्ड पाठ का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में हिन्दू संगठनों, भाजपा से जुड़े दर्जनों बड़े नेताओं व पुलिस अधिकारियों के अलावा शहर के सैकड़ों भक्तजनों ने भी हिस्सा लिया. इस भक्तिपूर्ण माहौल में रामायण के अखण्ड पाठ के बाद हवन, आरती व प्रसाद वितरण के बाद करीब दो दर्जन गणमान्य लोगों को ट्रस्ट के सचिव ने अंग वस्त्र, सुंदर कांड की प्रति व हनुमत् कृपा पत्रिका देकर सम्मानित किया.हनुमत् कृपा मीडिया यू ट्यूब चौनल के संपादक व ट्रस्ट के सचिव पं. अनुराग मिश्र ने बताया कि लखनऊ स्थित क्रिश्चियन कालेज के सामने उनके आवास पर दशकों से हर साल जाड़े की शुरुआत में रामायण के अखण्ड पाठ का आयोजन होता रहा है. इसी क्रम में ' सुफल मनोरथ होहिं तुम्हारे, राम लखन सुनि भये सुखारे ' सम्पुट के साथ चौबीस घंटे संगीतमय श्रीरामचरितमानस के पाठ का आनंद घर – परिवार, रिश्तेदार व कार्यक्रम में आये भक्तों ने लिया. उन्होंने बताया कि हनुमत् कृपा ट्रस्ट के बैनर तले यह पहला धार्मिक कार्यक्रम था जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष व हनुमत कृपा पत्रिका के सम्पादक नरेश दीक्षित के अलावा ट्रस्ट से जुड़े सभी लोग शामिल रहे.पं. मिश्र ने बताया कि रामायण के अखण्ड पाठ में अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी,



व्यापारी कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, भारतीय जन जन पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक मनीष महाजन, विश्व हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ल,लखनऊ नगर निगम के उपसभापति रजनीश गुप्ता बाबी, मोहनलालगंज के प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल विन्ध्येश्वरी, सोनू शुक्ला बिंदेश्वरी ,भारतीय किसान यूनियन भानू के प्रदेश महासचिव ऋषि मिश्र, अवध वन प्रभाग के पूर्व निदेशक कमलेश बाजपेयी, विवेक बाजपेयी, लखनऊ भाजपा मध्य क्षेत्र के महामंत्री अनुज मिश्र, बशीरत गंज वार्ड की सभासद शशि गुप्ता, थानाध्यक्ष अमीनाबाद राम बली पाण्डेय के अलावा, एस. सी. दीक्षित, अशोक द्विवेदी, धर्मेंद्र सक्सेना, नीलम दीक्षित, बेबी पाण्डेय, आशीष दीक्षित, रागिनी त्रिपाठी, स्पर्श त्रिपाठी, आशीष शुक्ला, सुशील मिश्रा,डॉ. अरविन्द पाण्डेय, रमेश शर्मा, आलोक श्रीवास्तव, प्रमोद शुक्ल, श्याम पाण्डेय और आचार्य आर एल पाण्डेय आदि श्रद्धालु जन भी शामिल रहे। पंडित राम मिलन चौबे के आचार्यत्व में श्री रामचरितमानस अखंड पाठ, हवन पूजन संपन्न हुआ। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## निर्धारित दर से ही विक्री करे खाद बीज नही तो होगी कार्यवाही: डॉ देवेंद्र सिंह

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग के सभी अधिकारी क्षेत्र भ्रमण पर रहे और क्षेत्र में स्थित खाद की दुकानों की जांच किया ।इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी डॉ देवेंद्र सिंह ने विकास खण्ड में स्थित खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण किया और डॉ श्री सिंह ने सभी व्यवसायियों को निर्देश देते हुए कहा कि खाद बीज का मूल्य निर्धारित दर से अधिक लेने पर कड़ी कार्यवाही होगी तथा खाद बीज की कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रतिदिन समीक्षा करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता पर सख्त कार्रवाई होगी ।सभी राजकीय कृषि बीज भंडार पर गेहूं का पंजीकृत बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है अपने पंजीकरण की कॉपी लेकर जाएं आवश्यकतानुसार बीज प्राप्त करें। किसान भाइयों से अपील है कि किसी




प्रकार की समस्या आने पर कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों को अवगत कराएं समस्या का समाधान होगा ।निरीक्षण के दौरान प्रभारी बीज भंडार राज नारायन यादव रविंद्र मौर्य विनोद उमर आनंद वर्धन रामकमल सहित आदि दुकानदार मौजूद रहे।

## पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई गोला की मासिक बैठक बड़हलगंज स्थित शिवाय मैरेज हाल पर संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभान तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद पांडे व प्रदेश सचिव अश्वनी कुमार सिंह तथा प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम कसौधान रहे। तथा अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा और संचालन राजकुमार यादव ने किया। बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। 1––आगामी सत्र 2022 के लिए सदस्यता अभियान। 2–– बैठक में अनुपस्थित लोगों पर सदस्यता पर विचार व सुझाव। 3––संगठन पर रचनात्मक विस्तार एवं बैठक में सभी सदस्यों को समय पर उपस्थित होने पर चर्चा। 4–– 30 नवंबर 2021 तक सदस्यता फार्म भरकर अवश्य जमा कर दें। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभान तिवारी, घनश्याम कसौधान, प्रदेश सचिव



अश्वनी कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद पांडे, राजेश कुमार पांडे, राजेश शर्मा, राजकुमार यादव, वेद प्रकाश यादव, बसंत यादव, मनोज राय,आशुतोष चौधरी, कृष्णा गोंड़, कृष्ण मुरारी मिश्रा, विनय कुमार तिवारी, ज्ञानेंद्र मिश्र, रजनीकांत मिश्र, प्रशांत तिवारी, दिनेश कुमार यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## गोरखपुर स्वास्थ विभाग की एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस बन रही है मरीजों की लाइफ लाइन

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : स्वास्थ विभाग के बेड़े में शामिल एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस मरीजों की लाइफ लाइन का काम कर रही है। जिसे आम बोलचाल की भाषा में वेंटिलेटर एंबुलेंस भी कहा जाता है। मिली जानकारी के मुताबिक मेडिकेयर 365 ʻभ्ऺ संस्था के साथ मिलकर गोरखपुर स्वास्थ विभाग एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस का संचालन कर रहा है यह एंबुलेंस है जिसमें खासतौर से हृदय रोगी सांस लेने में दिक्कत के रोगियों और भ्ळभ ज्त्ब्ड। केसेस के लिए यह एंबुलेंस एक वरदान साबित हो रही है जिले के स्वास्थ विभाग के पास ।रै की चार एंबुलेंस उपलब्ध है इन एंबुलेंस में टेक्नीशियन एक ड्राइवर की ड्यूटी होती है। एडवांस लाइफ सपोर्ट या वेंटिलेटर एंबुलेंस गोरखपुर के सरकारी अस्पताल या बीआरडी मेडिकल कॉलेज से जिन मरीजों हायर




मेडिकल सेंटर के लिए रेफर किया जाता है उन मरीजों को निशुल्क पहुंचाने का काम करती है ।इस एंबुलेंस की सेवा 24 घंटे और सातों दिन मुहैया कराई जाती है हालांकि अभी एंबुलेंस सेवा के लिए कोई टोल फ्री नंबर नहीं है लेकिन स्वास्थ विभाग ने इसके लिए फोन नंबर 0522–24665 मुहैया कराया है।

## हर्ष महिला पी जी कालेज देहलीबाजार में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : हर्ष महिला पी जी कालेज देहली बाजार में , जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर के तत्वावधान में आयोजित ,यन सी डब्लू के अंतर्गत महिलाओं से सम्बंधित विधिक साक्षरता एवम जागरूकता शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ । जिसमें कानूनविदों द्वारा महिलाओं के अधिकार , शिक्षा व संम्मान विषय पर विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यक्रम का शरुवात छात्राओं के स्वागतगीत के साथ आरम्भ हुआ । ततपश्चात हाल में मौजूद , हजारों छात्राओं ,व महिलाओं को उनके शिक्षा सम्मान व अधिकार ,तथा संस्कृति विषय पर बोलते हुए सदस्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश श्रीमती सुमन सिंह ने कहा कि ,शिक्षा ही अच्छे समाज को जन्म देता है ।आज के युग में अनेक महिलाएं अनेक क्षेत्रों में , अग्रणी भूमिका निभा रही हैं । अब महिलाओं को डरने की जरूरत नही है ।नारी शशक्तिकरण पर वर्तमान सरकार विशेष ध्यान दे रही है । महिलाओं के हित में अनेक कानून बनाये गए हैं ।शोशल व डिजिटल युग में ,प्रत्येक महिला को सावधनी पूर्वक , शशक्त महिला युग का निर्माण करना होगा ।जो अब निरन्तर अपने पथ की ओर अग्रसर है। ''जिला जज श्री संतोष राय''ने कहा कि विगत काल में , लोगों में मानसिक ,नैतिक पतन व ह्रास के कारण , महिलाओं के अधिकार कम होते गए ।जिसकी मुख्य वजह अशिक्षा रही ।किंतु अब लोग शिक्षित हो रहे हैं । लेकिन लोगों के जीवन में , शिक्षा के साथ संस्कार ,भारतीय संस्कृति ,सभ्यता तथा



नातिककता का ज्ञान होना आवश्यक है । उन्होंने महिलाओं व छात्राओं को ,शिक्षा के प्रति सचेत करते हुए कहा कि आज भारतीय संविधान में महिला शाशक्तीकरण हेतु ,कई मजबूत कानून बनाये गए हैं । जिससे कोई भी प्रताड़ित नही कर सकता । हर परिवार को चाहिए कि वगैर भेदभाव के बेटियों को उत्तम शिक्षा ,उत्तम संस्कार दिलाना चाहिए जिससे यही बेटियां आगे एक सुसंस्कारित ,व मजबूत पीढी का निर्माण करें । स्वागतगीत तनुश्री ,निष्ठा पांडेय ,अनामिका पांडेय ,अंजली यादव ,अंशिका प्रजापति ,शिवांगी यादव ने ,प्रस्तुत किया और प्रवक्ता वर्षा पांडेय तथा रीमामिश्रा ने भी नारी शाशक्तीकरण विषय पर व्याख्यान किया । ।कार्यक्रम में ,जनपद न्यायधीश श्री संतोष राय ,अपर जनपद न्यायधीश इंतखाब आलम , सदस्य महिला आयोग यूपी श्रीमती सुमन सिंह ,अपर जिला न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती किरण गौड़ ,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर शशि कुमार , सिविल जज अवर खण्ड सुश्री अनन्या जी , हेमन्त कुमार मिश्रा ,उपजिलाधिकारी बल्दीराय संजीव यादव ,खँ०विकास अधिकारी धनपतगंज सिंह , ब्बल्दीराय राजाराम चौधरी , डॉ मृदुलाराय , विशाल शुक्ला अशोकशुक्ला ,अधिवक्ता बेलाल अहमद ,रजनीश श्रीवास्तव ,थानाध्यक्ष बल्दीराय प्रभाकांत तिवारी ,चौकी इंचार्ज देहली हरिश्चंद ,आर यन पांडेय तहा दर्जनों पत्रकारगण मौजूद रहे ।कायर्क्रम का संचालन ।क्श्र अभय श्री वास्तव ने किया ।तथा ''कालेज प्रबंधक विकास शुक्ला ने आये सभी सम्मानित अतिथियों और सम्मनित महिलाओं तथा लोगों का आभार व्यक्त किया।

# कनाडा से भारत आई मां अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति : जौनपुर में भव्य स्वागत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर मां अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति कनाडा सरकार ने भारत वापस भेजी है। सदियों पहले गायब हुई अन्नपूर्णा की मूर्ति काशी में एक बार फिर स्थापित होगी, मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा खुद उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ 15 नवंबर को काशी में करेंगे। भगवान शिव की नगरी काशी को अन्न क्षेत्र भी कहा जाता है भगवान शिव ने काशी में मां अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी इसलिए काशी में मां अन्नपूर्णा का विशेष महत्व है। 11 नवंबर को मां अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति दिल्ली से सुसज्जित वाहन से जुलुस के रूप में चलेगी यह 12 नवम्बर को सोरा, खासगंज में रुकी थी। 13 नवम्बर को कानपुर से चलकर अयोध्या में रुकेगी। 14 नवम्बर को अयोध्या से चलकर सुल्तानपुर से होते हुये प्रतापगढ़ में पहुँचेगी, प्रतापगढ़ और जौनपुर बार्डर मुंगराबादशाहपुर के दौलतिया मन्दिर पर जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह सहित राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी, मछ्ली शहर सांसद बी पी सरोज, राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव, विधायक गण रमेश चन्द्र मिश्रा, डॉ हरेन्द्र प्रसाद सिंह, दिनेश चौधरी पूर्व सांसद के पी सिंह, सुशील मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, पीयूष गुप्ता, सुनील तिवारी, ब्लॉक प्रमुख सतेन्द्र सिंह फंटू सहित ब्लॉक प्रमुख गण, जिला पंचायत सदस्य गण सहित हजारों श्रद्धालुजन एवं जिलाधिकारी सहित जिले के प्रशाशनिक अधिकारी शाम 4 बजे मां अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति को 111 ब्राह्मणों द्वारा बैदिक मंत्रोचार कर फूल वर्षा कर रिसीव करेंगे। उसके बाद मछलीशहर में पुष्प वर्षा कर स्वागत होगा, उसके उपरांत सिकरारा चौराहा पर भव्य स्वागत होगा, उसके उपरान्त शहर में पालीटेक्निक चौराहा पर भारत विकास परिषद एवं गंगा समग्र मां अन्नपूर्णा देवी की प्रतिमा का ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोचार कर भव्य स्वागत होगा। उसके बाद अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति कोतवाली चौराहा के लिये प्रस्थान करेगी जिसके बीच मे संस्कार भारती, दुर्गा पूजा महासमिति, महादेव सेना, जेब्रा, गीतांजलि, संस्कृति प्रकोष्ठ, बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ, प्रशस्य जेम्स जैसे तमाम सामाजिक संगठन द्वारा बीच–बीच में मा अन्नपूर्णा देवी के मूर्ति पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया जायेगा। कोतवाली चौराहा पर माँ अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति पर पुष्पवर्षा कर 111 ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोचार कर भव्य स्वागत करते हुये जौनपुर के लाखो श्रद्धालुओं के दर्शन के लिये वाहन रोका जायेगा जहाँ माता का दर्शन श्रद्धालु जन करेंगे। उसके उपरान्त चहारसू चौराहा, सदभावना पुल, कलेक्ट्री चौराहा, अम्बेडकर तिराहा, गांधी तिराहा, जगदीशपुर क्रासिंग होते वाहन सिरकोनी बाजार पहुँचेगी जहाँ बीच–बीच मे पुष्पवर्षा होगी। जलालपुर चौराहा पर भव्य स्वागत होगा उसके उपरान्त करखियाव औद्योगिक क्षेत्र में वाराणसी बार्डर तक मां अन्नपूर्णा देवी के वाहन को वाराणसी के श्रद्धालुओं को सौंपते हुये अंतिम दर्शन कर जौनपुर के लिये वापस लौट आएंगे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में पांच मेधावी सम्मानित

आर एल पाण्डेय लखनऊ। जवाहर नवोदय विद्यालय पिपरसण्ड लखनऊ के शैक्षणिक भवन में भूतपूर्व छात्रों एवं अभिभावको को उक्त



कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है कि इस विद्यालय से उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राएं उच्च पदों पर आसीन होकर विद्यालय को गौरवाचित कर रहे हैं। इस क्रम में भारतीय सिविल सेवा परीक्षा एवं उत्तर प्रदेश लोक सेवा परीक्षा 2019 में चयनित कुऽ प्रतीक्षा सिंह ने विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में चयनित प्रखर सिंह एवं पीयूष पाण्डेय प्रशिक्षण प्राप्त करके भारतीय मिलिट्री अकादमी में अपनी सेवा देने में तत्पर है। इसी विद्यालय के प्रथम बैच के देवेंद्र कुमार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग 2018 में चयनित। होकर व्यावसायिक कर अधिकारी के रूप में चयनित होकर पद की गरिमा बढ़ा रहे हैं। अविनाश शर्मा, इजरायल में बेनगुरियन विश्व विद्यालय से पीएचडी करके प्लांट मालीकुलर जीवविज्ञान में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं । सभी उच्चपदस्थ अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करके एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा दी । उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं प्राचार्य महोदय ने अपनी शुभ कामनाये दी। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार बाजपेयी द्वारा भूतपूर्व विद्यार्थियो एवं अभिभावको को प्रतीक चिन्ह एवं शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होते हैं।सेवाकाल में रहते हुए वह नौनिहालों को शिक्षा और संस्कार देते हैं तो अवकाश ग्रहण के पश्चात अपने अनुभवों के आधार पर समाज का मार्गदर्शन करते हैं। उक्त बातें वे रविवार को बीआरसी सिकरारा पर उत्तर प्रदेश सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक अधिवेशन व अवकाश प्राप्त शिक्षकों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पद से बोल रही थी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में जो अमिट छाप छोड़ी है उसे भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में अवकाश प्राप्त करना तो लगा ही रहता है लेकिन अपने समय में जो कार्य किया जाता है उसकी यादें सदा–सदा के लिए रह जाता है। प्रधानाध्यापक ने उनसे समय–समय पर विद्यालय आकर मार्ग दर्शन देते रहने का आग्रह किया। विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा.गोरखनाथ पटेल ने कहा कि शिक्षक केवल छात्र ब्यक्तित्व निर्माण ही नही करता अपितु एक बेहतर समाज की नींव भी रखता है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में अवकाश प्राप्त करना तो लगा ही रहता है लेकिन अपने समय में जो कार्य किया जाता है उसकी यादें सदा–सदा के लिए रह जाता है। मुख्य अतिथि ने अवकाश प्राप्त शिक्षक यदुनाथ सिंह व अवधेश सिंह को श्री राम आधार सिंह स्मृति सम्मान से सम्मानित किया। इसके साथ ही दर्जनभर अन्य शिक्षकों को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तथा प्राथमिक शिक्षक संघ के



जिलाध्यक्ष अमित सिंह व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता कर रहे संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यदेव सिंह ने मुख्य अतिथि को सेवानिवृत्त शिक्षकों के समस्याओं से सम्बंधित सात सूत्रीय मांग पत्र सौपा। आयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक विजय बहादुर सिंह ने स्वागत भाषण के जरिए लोगो का स्वागत किया। वक्ताओं में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अवकाश प्राप्त शिक्षक सत्य प्रकाश पाण्डेय, शिक्षक नेता अश्विनी सिंह, राजेन्द्र यादव, सन्तोष तिवारी, दिवाकर चौहान, पलकधारी प्रजापति, लाल प्रताप सिंह, राम समुझ गौड़, भगवान सिंह, हरिशंकर सिंह, सुरेन्द्र उपाध्याय, विजय शंकर तिवारी, मातादीन यादव आदि प्रमुख रहे। संचालन राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक लल्लन उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर रवि मिश्रा, सन्तोष सिंह, चन्दन सिंह, मुकेश दुबे, संदीप सिंह, सुरेन्द्र प्रजापति, गुलाल सिंह, समई राम यादव, तेज बहादुर चौबे, नन्दलाल लल्लन सिंह, रामजी शर्मा, शांति देवी, त्रिवेणी देवी आदि प्रमुख रहे।

# पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर पटना के लिए पीयू के 6 स्वयंसेवक रवाना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के 6 स्वयंसेवक बीआईटी कैंपस पटना, बिहार में दिनांक 15 नवम्बर से 24 नवंबर 2021 तक आयोजित 10 दिवसीय चयन शिविर में प्रतिभाग करने हेतु जौनपुर जंक्शन से नोडल अधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में रवाना हुए। इस वर्ष पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2021 के लिए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 6 स्वयंसेवकों का चयन हुआ है।चयनित स्वयंसेवक राम कुमार शुक्ला– मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज जौनपुर,मो.शहनवाज–फरीदुल हक मेमोरियल डिग्री कॉलेज सबरहद, शाहगंज,जौनपुर, अविनाश यादव–सत्यदेव डिग्री कॉलेज बोरसिया, गाधीपुरम, गाजीपुर, नित्या गुप्ता – आर. एस.के.डी.पी.जी. कॉलेज, जौनपुर, अनुराधा भाटिया–मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज, जौनपुर एवं नित्या यादव–सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज बदलापुर, जौनपुर,डॉ अजय कुमार सिंह,नोडल अधिकारी के नेतृत्व में पटना के लिए जौनपुर जंक्शन से आज रवाना हुए। विश्वविद्यालय की इस इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. निर्मला एस.मौर्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए




कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वाश है कि हमारे विश्वविद्यालय के अधिक से अधिक स्वयंसेवक इस शिविर से चयनित होकर गणतंत्र दिवस परेड 26 जनवरी 2022 में प्रतिभाग करके विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाएंगे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश कुमार यादव ने बताया कि इस वर्ष बीआईटी कैम्पस ,पटना,बिहार में आयोजित पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में विभिन्न प्रदेशों के 200 स्वयंसेवक प्रतिभाग कर रहे हैं । इसमे उत्तर प्रदेश से 54 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं, जिसमें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 06 स्वयंसेवक हैं जो विश्वविद्यालय के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।इस अवसर पर डॉ. राम मोहन अस्थाना कार्यक्रम अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अंकित बने राज्य अभियोजन अधिकारी सेवा संघ के कोषाध्यक्ष

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लखनऊ के रवींद्रालय सभागार में आयोजित राज्य अभियोजन अधिकारी सेवा संघ चुनाव 2021 में कोषाध्यक्ष पद पर जौनपुर जिले में कार्यरत सहायक अभियोजन अधिकारी अंकित कुमार सिंह 118 मतों से विजयी हुए। उनको कुल 313 वोट और दूसरे प्रत्याशी आगरा के सहायक अभियोजन अधिकारी महेंद्र प्रताप केसरी को 195 वोट मिले। अंकित कुमार सिंह भारतीय जनसंचार संस्थान के रेडियो टीवी जर्नलिज्म विभाग के पूर्व छात्र रहे है, और इन्होंने एबीपी न्यूज में प्लेसमेंट होने के बाद कई महीनों तक नौकरी भी किया है। सीबीसीआइडी,लखनऊ में कार्यरत वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी वेद प्रकाश त्रिपाठी अध्यक्ष, कानपुर के सहायक अभियोजन अधिकारी शैलेश अग्निहोत्री महासचिव, लखनऊ की सहायक अभियोजन अधिकारी सोलंकी यादव सचिव पद के लिए चुने गए है।

# थाना गौराबादशाहपुर पुलिस ने हत्या के मुकदमे का खुलासा करते हुए एक अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के आपराधिक कार्य की रोकथाम एवं गिरफ्तारी, बरामदगी तथा अनावरण के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी केराकत के कुशल पर्यवेक्षण, निर्देशन में थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक गौराबादशाहपुर के नेतृत्व में मु0अ0स0 174/2021 धारा 302/201 भा0दं0वि0 का अनावरण करते हुए अभियोग से सम्बन्धित एक नफर अभियुक्ता उर्मिला देवी पत्नी स्व0 संतोष कुमार यादव निवासी ग्राम चौकी पिलखुआ थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर के कथनों के आधार पर अपराध धारा 201 भा0दं0वि0 वृद्धि करते हुए उर्मिला यादव उपरोक्त को अपराह्न 14.00 बजे कारण बताकर नियमानुसार सहकर्मी महिला आरक्षी नर्वदा के सहयोग से थाना परिसर में गिरफ्तार किया गया तथा श्रीमती उर्मिला यादव के बताये अनुसार घटना के साक्ष्य को विलोपन हेतु प्रयुक्त रजाई की बरामदगी उसके मकान की बाउण्ड्रीवाल से सुनिश्चित करते हुए पुलिस अभिरक्षा में लेकर नियमानुसार विधिक



कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम पता– 1. श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी स्व0 संतोष कुमार यादव निवासी ग्राम चौकी पिलखुआ थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0स0 174/2021 धारा 302/201 भा0दं0वि0 थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1. उ0नि0 संतोष कुमार पाठक थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर जौनपुर। 2. उ0नि0 लाल बहादुर सिंह, उ0नि0 रामशंकर पाण्डेय,का0 अनिल कुमार यादव, का0 विनोद कुमार पाल, का0 संदीप सिंह,का0 विनोद कुमार यादव, महिला का0 नर्वदा थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर।

# सुर संगम परिवार सामाजिक सांस्कृतिक संस्था के अध्यक्ष बने पंकज सिन्हा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुर संगम परिवार सामाजिक सांस्कृतिक संस्था कार्यकारिणी गठन सरंक्षक अजय श्रीवास्तव ,एसपी सिंह,अशोक गुप्ता , आंनद मोहन श्रीवास्तव, वीरेंद्र श्रीवास्तव, इंद्रशेन श्रीवास्तव ,रवि श्रीवास्तव की देख रेख में शनिवार की शाम जेसीज



चौराहा स्थित सुर संगम कार्यालय पर सम्पन्न हुई। जिमसें सर्वसम्मति से गायक पंकज सिन्हा निवासी ओलन्दगंज को संस्था का अध्यक्ष चुना गया, उपाध्यक्ष अमलेंद्र गुप्ता,पंकज पांडेय ,मनीष श्रीवास्तव,अविनाश यादव,पंकज श्रीवास्तव हैप्पी महासचिव गणतंत्र श्रीवास्तव सह सचिव अनिल शुक्ला कोषाध्यक्ष शिव शंकर साहनी मीडिया प्रभारी विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, दिलीप शुक्ला ,अंकित श्रीवास्तव को चुना गया । सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शैली गगन शिशिर मौर्य ,मनीष गुप्ता,नीरज श्रीवास्तव , दिनेश गुप्ता, लोकेश साहू, चितरंजन श्रीवास्तव, डॉ. प्रशांत द्विवेदी, विजय जयहिंद, प्रो. दलसिंगार सिंह ,सुनील श्रीवास्तव ,रोली श्रीवास्तव , शालिनी पाण्डेय, व कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव ने बधाई दी।

# थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमे के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम के सम्बन्ध में सघन अभियान के क्रम मे श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक नगर तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण एवं दिशानिर्देशन में थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर पुलिस द्वारा थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 228/2021 धारा 376/323/313/504 से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त आशीष कुमार गुप्ता पुत्र मनिराम गुप्ता उम्र 29 वर्ष निवासी गुड़हाई मुहल्ला थाना मुगराबादशाहपुर को कस्बा तिराहा मुगराबादशाहपुर से करीब 09.30 बजे गिरफ्तार कर थाना हाजा लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। गिरफ्तार अभियुक्त – 1. आशीष कुमार गुप्ता पुत्र मनिराम गुप्ता उम्र 29 वर्ष निवासी गुड़हाई मुहल्ला थाना मुगराबादशाहपुर। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 228/2021 धारा 376/323/313/504 भादवि थाना मुंगराबादशाहपुर जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1. उ0नि0 सदानन्द राय, थानाध्यक्ष थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2. उ0नि0



कमलेश कुमार वर्मा, का0 अभिषेक पाठक , का0 रमेश कुमार यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

# गौराबादशाहपुर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में क्षेत्र के 15 होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं अध्यक्ष आकांक्षा समिति डॉ अंकिता राज के द्वारा गौराबादशाहपुर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में गौराबादशाहपुर क्षेत्र के 15 होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया , जिन्होंने टीजीटी, रेलवे तथा सहायक अध्यापक एवं एस आर एफ की परीक्षा पास कर नौकरी हासिल की । जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बड़े पैमाने पर किया जाना चाहिए ताकि अन्य बच्चे भी प्रेरित हो। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य करना प्रारम्भ करते है तो शुरुआत में बाधाएं आती है। छात्रों को हमेशा सकारात्मक सोच रखते हुए अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदारी से लगे रहना चाहिए। इस तरह मेहनत करने वालो के लिए कोई भी कार्य मुश्किल नही होता है। उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि पूरी मेहनत एवं लगन से कार्य करते हुए एक अच्छे समाज एवं देश का निर्माण करने में सहयोग करें। अध्यक्ष आकांक्षा समिति डॉ अंकिता राज ने कहा कि सभी बच्चों में प्रतिभाये होती है, बस उन्हें निखारने की आवश्यकता होती है । उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए मेहनत करते रहें ,सफलता अवश्य मिलेगी। क्षेत्राधिकारी शहर जितेंद्र दुबे ने सफल हुए सभी छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अन्य बच्चे भी इन बच्चों से प्रेरणा लेते



हुए लक्ष्य बनाएं, मेहनत करें और अपने गांव, जनपद और प्रदेश का नाम रोशन करें। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अपील की थी यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह ने की। स्वागत प्राचार्य डॉ रूबी राय एवं आभार मैनेजर सुधाकर सिंह फाउंडेशन अरविंद सिंह के द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल अस्थाना के द्वारा किया गया।

# सपा नेता ने बेटी की शादी के निमंत्रण पर छपवाई सपा सरकार की उपलब्धियां

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिराज–ए–हिंद के नाम से जाना जाने वाला शहर जौनपुर यूं तो हमेशा किसी न किसी कारण से सुर्खियों में बना रहता है। कभी जिले के माधोपट्टी गांव में एक ही गांव में 45 आईएएस–पीसीएस अफसरों के लिए जाना जाता है तो कभी पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा देश–प्रदेश में विभिन्न कार्यों के लिए सम्मानित किए जाने से सुर्खियों में रहता है तो कभी देश में बढ़ती अपराधिक घटनाओं में भी जनपद का नाम आने से सुर्खियों में रहता है। एक बार फिर जनपद अखबारों व सोशल मीडिया की में सुर्खियों में है जिसका कारण है समाजवादी पार्टी के एक कार्यकर्ता द्वारा अपनी बेटी की शादी के कार्ड पर समाजवादी पार्टी के 5 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां छपवाना जो खासा सुर्खियों में बना हुआ है। अब तक आपने एक से बढ़कर एक शादी के कार्ड देखें होंगे। बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान और ऐसे ही कई संदेश लिखे शादी कार्ड अब पुराने हो चुके। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी का कार्ड ही समाजवादी पार्टी को समर्पित कर दिया है। कार्ड में शादी के विवरण के साथ ही सपा सरकार की उपलब्धियों को भी तस्वीर के साथ स्थान दिया गया है। सोशल मीडिया में यह कार्ड वायरल हो रहा है। शादी एक दिसंबर को है और कार्ड बांटना शुरू हो गया है। जिले के महराजगंज विकासखंड के मीरापुर केवल निवासी अशोक कुमार यादव की बेटी की शादी एक दिसंबर को होनी है। अशोक कुमार ने शादी के कार्ड पर पूर्व सीएम अखिलेश यादव की फोटो के साथ पूर्व विधायक बदलापुर ओमप्रकाश दुबे और सपा नेता व पूर्व प्रधान रामजतन यादव की तस्वीर भी छपवाई है। कार्ड पर काम बोलता है टैग लाइन से सपा की उपलब्धियां भी फोटो सहित छपी हैं। शादी के कार्ड पर समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सरकार में कराए गए विभिन्न योजनाओं कार्यो जैसे जनेश्वर पार्क, मेदांता हॉस्पिटल, हाईकोर्ट बिल्डिंग, डायल 100



पुलिस वाहन, गोमती रिवर फ्रंट, आईटी विश्वविद्यालय, आगरा एक्सप्रेस–वे, बस अड्डे, स्टेडियम की तस्वीर छपाई है। जिले के सपाई इस कार्ड से गदगद है कार्ड को अपने कर्मठ कार्यकर्ता की पहचान बता रहे हैं। अशोक कुमार यादव के बेटे करुणेश यादव ने बताया कि वह समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता हैं इसलिए ऐसा कार्ड तैयार करवाया है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले जब विभिन्न दलों किलो अलग–अलग ढंग से अपने प्रचार प्रसार में लगे हैं तो वहीं सपा कार्यकर्ता द्वारा शादी के कार्ड पर समाजवादी पार्टी की उपलब्धियों की तस्वीर और नेताओं की फोटो कहीं ना कहीं राजनैतिक शादी का संकेत देती नजर आती है। शादी कार्ड पर समाजवादी पार्टी की उपलब्धियां छपने से यह भी संकेत मिल रहे हैं कि शादी में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सहित समाजवादी पार्टी के तमाम बड़े नेताओं दिग्गजों का जमावड़ा हो सकता है।फिलहाल शादी कार्ड पर छपी सपा की उपलब्धियों को लेकर सियासी गलियारों में हलचल मची हुई है। इस संदर्भ में भाजपा गठबंधन में शामिल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ सूर्यभान यादव ने कहा कि मांगलिक कार्यक्रमों के निमंत्रण का राजनीतिकरण बिल्कुल गलत है। जरूरी नहीं है कि सपा नेता अशोक कुमार यादव के सभी सगे–संबंधी, ईष्टमित्र और उनके जानने वाले सपा विचारधारा के ही हों। इस प्रकार का कृत्य घोर निन्दनीय है और यह कार्य अपने आका को खुश करने के लिए चाटुकारिता की पराकाष्ठा है।

# चिल्ड्रंस – डे : तिलकधारी मेमोरियल कॉलेज में बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : चिल्ड्रंस – डे के पूर्व संध्या पर बच्चों के द्वारा तिलकधारी मेमोरियल कॉलेज (TDMC)में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन मुख्य अतिथि डॉक्टर एस के सिंह (रीडर जंतु विज्ञान तिलकधारी महाविद्यालय जौनपुर) एवं डॉ० (कैप्टन) इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में




किया गया। आज ताइक्वांडो के प्रशिक्षकों के द्वारा बच्चों को अपने बचाव तथा आक्रमण के गुण भी सिखाए गए । प्रत्येक आइटम में बच्चों ने बढ़–चढ़कर के हिस्सा लिया ।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डॉ० एस के सिंह (रीडर जंतु विज्ञान विभाग, टीडी कॉलेज जौनपुर) के द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में टीडीएमसी के प्रबंधक श्री दिलीप सिंह, प्रधानाचार्या श्रीमती अर्चना सिंह ,डांस टीचर श्री नितिन गुप्ता जी एवं स्कूल की समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम टीडीएमसी की शिक्षिकाओं के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

# जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन वालीबाल एवं भारत्तोलन की प्रतियोगिता संपन्न

जौनपुर सू.वि. : युवा कल्याण विभाग जौनपुर द्वारा जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन वालीबाल एवं भारत्तोलन की प्रतियोगिता कराई गई। वालीबाल में सिरकोनी ब्लाक प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि डोभी ब्लाक द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भारत्तोलन में बालिका वर्ग में 45 किलो भारवर्ग में मनीषा यादव बक्सा ब्लॉक प्रथम अर्चना यादव द्वितीय पूजा सरोज 49 किलो में प्रथम साधना यादव द्वितीय बालक वर्ग में 61 किलो में महफूज आलम मड़ियाहूं प्रथम इरफान मड़ियाहूं द्वितीय 73 किलो में अमित कुमार जलालपुर प्रथम सूरज यादव करंजाकला द्वितीय 81 किलो में अमित कुमार यादव मड़ियाहूं प्रथम अमर बहादुर करंजाकला द्वितीय स्थान प्राप्त किए। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच का शुभारंभ जिला विकास अधिकारी श्री बी. बी. सिंह द्वारा टास उछाल कर किया गया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला विकास अधिकारी द्वारा खेल भावना से खिलाड़ियों को खेलते हुए जनपद प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने का सुझाव दिया। जिला विकास अधिकारी को युवा कल्याण विभाग द्वारा बैज एवं कैप लगाकर स्वागत किया गया। दिलीप कुमार जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा मोमेंटो प्रदान कर जिला विकास अधिकारी महोदय को सम्मानित किया गया तथा वरिष्ठ सहायक लालमणि यादव द्वारा अंग वस्त्र प्रदान किया गया। आज के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी कल दिनांक 15 नवंबर 2021 को सिगरा स्टेडियम वाराणसी में मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु सूचित किया गया। अंत में सभी खिलाड़ियों एवं आए हुए समस्त निर्णायकों एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों अन्य सहयोगी स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई चौदह कोसी व पंचकोसी परिक्रमा,जगह जगह दिखे निःशुल्क कैंप

अयोध्या(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)।राम नगरी अयोध्या में चौदहकोसी परिक्रमा के बाद पुलिस प्रशासन ने पंचकोसी परिक्रमा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए।सुरक्षा की दृष्टि से पंचकोसी परिक्रमा पथ को तीन जोन में बांटकर मजिस्ट्रेट के साथ एएसपी व डीएसपी स्तर के पुलिस अधिकारियों को भी तैनात किया गया है।सूत्र के मुताबिक करीब इस मौके पर लगभग दो हजार अर्धसैनिक बल, पीएसी, पुलिस, होमगार्ड के जवानों को भी तैनात किया गया है।सरयू घाट पर आरएएफ व एटीएस के जवानों को तैनात किया गया है।जहाँ पर जिलाधिकारी नीतीश कुमार,एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय,एसपी सिटी विजयपाल सिंह,एसपी सुरक्षा के साथ साथ अन्य पुलिस कर्मियो के अलावा रैपिड एक्शन फोर्स के निरीक्षक अशफाक अहमद सक्रिय रहे।वही यहाँ पर आये सभी जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी व कर्मी स्नान घाट पर जल पुलिस के साथ पीएसी, बाढ़ राहत दल के साथ मौजूद रहे।इस संबंध में एसपी सिटी के मुताबिक सभी अफसरों को ड्यूटी स्थल पर लगे रहे।वही इस मौके पर अयोध्या में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंधित लगा था।परिक्रमा में लाखों श्रद्धालु आये।इनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। करीब 15 किमी के इस मार्ग पर चप्पे–चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। पंचकोसी परिक्रमा पथ को तीन जोन में बांटकर मजिस्ट्रेटों के साथ एएसपी व डीएसपी स्तर के अधिकारियों को लगाया गया था।सरयू स्नान घाट समेत परिक्रमा शुरू करने वाले प्रमुख स्थल नयाघाट बंधा तिराहा, रामघाट चौराहा, मौनी बाबा की कुटिया, हलकारा का पुरवा, जालपा देवी चौराहा, चक्रतीर्थ, राजघाट आदि स्थानों पर आरएएफ व पीएसी के जवानों के साथ पुलिस बल को भी तैनात किया गया था।वही आईजी कविंद्र प्रताप साहनी, एसएसपी शैलेष पांडेय, एसपी सिटी विजयपाल सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी लगातार गश्त कर सुरक्षा इंतजामों को परखते रहे।रविवार भोर से भीड़ समाप्त तक अयोध्या में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया था। पुराने सरयू पुल से किसी प्रकार के वाहन नहीं आ–जा सके। अयोध्या



के सभी प्रवेश मार्गों से सिर्फ श्रद्धालुओं को पैदल प्रवेश की अनुमति रही। परिक्रमा पथ पर पड़ने वाले सभी चौराहों, तिराहों व कटों पर बैरिकेडिंग कर दी गई थी। आसिफबाग और रानोपाली पर पड़ने वाले रेलवे क्रॉसिंगों पर अतिरिक्त बैरिकेडिंग की गई थी।यहां पर जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी लगाए गए थे।रविवार को सुवह इस संबंध में एसपी सिटी विजयपाल सिंह ने बताया कि पंचकोसी परिक्रमा को लेकर सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए। अधिकारियों व जवानों को ड्यूटी स्थलों पर भेज दिया गया है। भीड़ में सादी वर्दी में महिला पुलिसकर्मियों के साथ खुफिया पुलिस व एंटी रोमियो स्कवॉयड को भी तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं से अपील है कि कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें व मास्क लगाकर ही परिक्रमा करें।अयोध्या।देवथानी एकादशी के मौके पर राम नगरी अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा रविवार को प्रारम्भ हुई।सूत्र के मुताबिक राम जन्म भूमि मंदिर के पाँच कोस की परिधि में पंचकोसी परिक्रमा होती है।जिसके चलते आज रविवार की सुबह 9:00 बजे से श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ हजारों श्रद्वालुओ ने पंचकोसी परिक्रमा उठाया।वही एक दिन पहले लाखो लोगों ने 14 कोस की भी परिक्रमा किया।वही पंचकोसी परिक्रमा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट दिखा।

# अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने गोसाईगंज में किया जन मंच संबोधन

अयोध्या( संवाददाता) सुरेन्द्र कुमार।अयोध्या के गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के रामबली नेशनल इंटर कालेज में अपना दल यस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने जन सभा को संबोधित करते हुए बताया कि अयोध्या की इस पावन धरती पर अपना दल को अपार स्नेह आशीर्वाद मिला है। अपनादल के संस्थापक डा. सोनेलाल पटेल हमेशा शोषित वंचितों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया और हमने उनके सपनो को आगे बढाने के लिए निरंतर प्रयास में लगे है। आज उ.प्र. की सरकार में अपनादल की भागीदारी है वह आप सबकी देन है। आज अपनादल का कुनबा इतना बड़ा हो गया है कि देश प्रदेश में इसकी चर्चा होती है। एक एक जिले में अपना दल के चाहने वाले हजारों कार्यकर्ता डा. सोनेलाल पटेल के सपनों को पूरा करने में जुटे है और बताया कि अयोध्या जिले के गोसाईगंज विधानसभा के मुख्यालय पर स्थित रामबली नेशनल इंटर कालेज के मैदान में एक जनसभा को बतौर मुख्य अतिथि अपनादल एस की।अपनादल अध्यक्ष ने कहा कि नीट शिक्षा में एमबीबीएस कोटा में पिछडो का 27 प्रतिशत आरक्षण लागू था लेकिन मांग पूरी नही होती था। हमने पीएम से मांग किया और उन्होंने इसे तत्काल लागू करवाकर इतिहास कायम किया। उन्होंने मांग किया कि जिस तरह से अल्पसंख्यक मंत्रालय,जनजाति मंत्रालय बनाया गया है




उसी तरह से पिछड़े वर्ग पर ध्यान देने के लिए पिछड़ा वर्ग मंत्रालय बनाया जाय ताकि उनके साथ भी न्याय हो सके। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहाकि प्रदेश की जनता की तमाम समस्याये है लेकिन उन पर कोई ध्यान ना देकर जिन्ना सरदार पटेल की चर्चा होती है। सरदार बल्लभ भाई पटेल ने 565 रियासतों का विलय कराकर अपनी दृढ इच्छाशक्ति का परिचय दिया था। उनकी तुलना जिन्ना से नही की जा सकती है। पिछ्ले चार माह से 69हजार अभ्यर्थी न्याय की आश में आन्दोलनरत है ।उनकी बात किसी पार्टी ने नही उठाई लेकिन अपनादल ने उनकी उठाई। हमने सीएम योगीजी से कहाकि पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थी जो आन्दोलनरत है उनकी समस्या का जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए।इसके अलावा खेल महोत्सव का भी उद्घाटन किया, जनसभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कृष्णदेव वर्मा,संचालन घनश्याम पटेल ने किया।उक्त जनसभा में प्रतापगढ़ विधायक राजकुमार पाल,प्रमोद सिंह,अंजनी मौर्य,केके पटेल,वंशराज पटेल,चन्द्रप्रकाश गुप्ता,महेंद्रप्रताप सिंह,शिवप्रसाद मौर्य, गौतम पटेल,पूनम कौशल, मिथलेश कौशल सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सेवा हेतु किया गया विशाल भंडारे का आयोजन

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।देवथानी एकादशी के मौके पर शुरू हुई अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा, राम जन्मभूमि मंदिर के 5 कोस की परिधि में शुरू हुई पंचकोसी परिक्रमा। सुबह 9:00 बजे



श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ पंचकोसी परिक्रमा उठाया। इस पंचकोसी परिक्रमा में कई लाख श्रद्धालुओं ने आस्था के पद पर अपने कदम बढ़ाया। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को देखते हुए परिक्रमा पथ पर व्यापक इंतजाम किए गए, परिक्रमा मार्ग पर उन्हें श्रद्धालुओं की सेवा करने के लिए तमाम निःशुल्क कैंप,दवा कैंप और भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से लेकर रात तक निशुल्क भंडारा का आयोजन जन समाजसेवी विनय वर्मा व रियल स्टेट(त्म• बपजल पदतिं च्भ्रज सपउपजमक) सुधांशु वर्मा की टीम ने श्रद्धालुओं की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।पंचकोसी परिक्रमा को लेकर प्रशासन भी अलर्ट रहा।

## पंचकोसी परिक्रमा में चिकित्सको ने निःशुल्क कैंप लगाकर किया सराहनीय कार्य

अयोध्या(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)।प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में चिकित्सको ने अयोध्या में हमेशा की तरह होने वाले पंचकोसी परिक्रमा मेला में फ्री चिकित्सा व जलपान कैंप मोहबरा के समीप शहर के प्रतिष्ठत चिकित्सक डाक्टर अमित तिवारी के आवास पर लगाया।जिसमें पंचकोसी परिक्रमा में दूर दराज से लाखो की संख्या में आये श्रद्वालुओ ने जहाँ एक ओर इस मौके आकर अपना इलाज निःशुल्क कराया वही दूसरी ओर इस कैंप में कई श्रद्वालुओ ने जलपान भी किया।जिसमे मुख्य रुप से परिक्रमा करने आये महिला,युवा व बच्चो के साथ साथ बुजुर्गो जो कि चोटिल व दर्द से करा रहे थे उन हजारों भक्तों का निस्वार्थ भाव से चिकित्सकों के द्वारा सेवा दी गई।जहां पर इन चिकित्सकों द्वारा इस मौके पर आने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं का निःशुल्क इलाज कर बहुत ही परोपकार कार्य करते दिखे।वहीं दूसरी तरफ इस कार्य से संतुष्ट होते हुये हजारों श्रद्धालुओं ने इन चिकित्सको के प्रति आभार जताते हुए इन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया।मालूम हो कि हजारों वर्षो से चली आ रही अयोध्या नगरी में इस वर्ष भी पंचकोसी परिक्रमा में चारों तरफ परिक्रमार्थियों की भीड़ नजर आ रही थी।परिक्रमा मार्ग के अलावा अयोध्या के सभी प्रमुख जगहों पर भक्तजनो की भारी भीड़ दिखी।इसी के चलते जगह जगह पर मार्ग पर चाय,खाने से लेकर चिकित्सा सुबिधाओं के निःशुल्क कैम्प लगे हुए थे, लोग किसी न किसी भांति परिक्रमार्थियों की सेवा करते दिखे।इस कैंप में डाक्टर अमित तिवारी,डाक्टर मनोज,डाक्टर पवन श्रीवास्तव,डाक्टर सुजीत, राजू श्रीवास्तव, दुर्गेश,डाक्टर आलोक सहित कई चिकित्सक व अन्य समाजसेवी मौजूद रहे।

# प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में अयोध्या मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार तिवारी, मिल्कीपुर तहसील अध्यक्ष हृदय राम मिश्र किए गए सम्मानित

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक गोयनका धर्मशाला विंध्याचल धाम में संपन्न हुई जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार, प्रदेश प्रवक्ता प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी तथा प्रदेश के अन्य पदाधिकारियों द्वारा अयोध्या मंडल के मंडलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार तिवारी उर्फ राजन तथा मिल्कीपुर तहसील अध्यक्ष हृदय राम मिश्र को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस सम्मान से प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में अयोध्या मंडल व अयोध्या जनपद का खूब बखान हुआ। अयोध्या जनपद में पूर्वांचल पत्रकार सम्मेलन आगामी 19 दिसंबर दिन रविवार को गांधी सभागार आयुक्त परिसर अयोध्या में होगी। सम्मेलन के लिए प्रदेश के सम्मानित जिलाध्यक्ष गण मंडलाध्यक्ष गण तथा प्रदेश के पदाधिकारी गण एवं सदस्यों को जिला अध्यक्ष देव बक्श वर्मा द्वारा आमंत्रित किया गया। प्रदेश के पदाधिकारी गण, मंडल अध्यक्षगण व प्रदेश के जिला अध्यक्ष होने अयोध्या में सम्मेलन के लिए सुनकर प्रसन्नता जाहिर किया। और कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म भूमि अयोध्या में भगवान श्री राम, हनुमान जी, कनक बिहारी भगवान, नागेश्वरनाथ के दर्शन के साथ सरयू मां को प्रणाम करने का अवसर प्राप्त होगा। इसके लिए अयोध्या जनपद धन्यवाद के पात्र हैं।

# जिले के माननीयो पर मंडराने लगे टिकट कटने का संकट

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : उत्तर प्रदेश में भी गुजरात की तर्ज पर कार्य व्यवहार का मूल्यांकन करने के बाद आधे से अधिक विधायकों के आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारी पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं जिससे प्रदेश भर के माननीयो ने टिकट बचाने की मुहिम छेड़ दी है। भारतीय जनता पार्टी के जिम्मेदारों की माने तो गुजरात का मोदी मॉडल उत्तर प्रदेश में लागू होने पर दागी और खराब कामकाज वाले माननीय को टिकट से दूर रखा जाएगा और उनको संतुष्ट करने के लिए संगठन में पदाधिकारी बनाकर पार्टी को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी जा सकती है। अयोध्या जिले के पांचो विधान सभाओ के भारतीय जनता पार्टी के विधायकों के टिकट पर खतरा मंडराने लगा है। सरकार के पांच साल का कार्यकाल समाप्त होने वाला है सभी जिले के विधायको के कार्यो के गोपनीय मूल्यांकन से वर्तमान विधायको की उम्मीदवारी पर संकट के बादल मंडराने लगे है। जबकि कराये गये कार्य व्यवहार जनता मे मिलने वाले समर्थन आदि के आधार पर संगठन के द्वारा कराये गये मूल्यांकन के आधार पर जिताऊ उम्मीदवार को टिकट देने की व्यवस्था की जिम्मेदारी सरकार के घटक संगठन और संघ के आपसी ताल मेल से तय होता है।जिले मे अयोध्या की सबसे महत्वपूर्ण मानी जानेवाली सीट से वेद प्रकाश गुप्ता, गोसाईगंज गंज से इन्द्रप्रताप तिवारी खब्बू,बीकापुर से शोभा सिंह, रूदौली से राम चन्द्र यादव, मिल्कीपुर सुरक्षित सीट से बाबा गोरखनाथ वर्तमान समय मे भाजपा के विधायक है। लगातार पांच साल अयोध्या के लिए भगीरथ प्रयास करके इसे विश्व के फलक पर प्रमुख पर्यटन नगरी के रूप मे विकसित करने मे उत्तर प्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवाली के एक दिन पूर्व दिव्य दीपोत्सव की नई परंपरा डाल कर अयोध्या का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करा कर अपने में ऐतिहासिक कार्य किया है जिसको आगे बढ़ाने के लिए उनकी यहां से उम्मीदवारी लगभग तय मानी जा रही है ,जिस पर अभी पार्टी की मुहर लगनी बाकी है विधानसभा रुदौली ही पार्टी के एक अकेले ऐसे विधायक हैं जिनका टिकट देशकाल एवं परिस्थितियों के हिसाब से पक्का माना जा रहा है शेष तीन विधायकों के सीट पर संकट के बादल मंडरा रहे इनको अपनी उम्मीदवारी बचाने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ सकता है। वही भारतीय जनता पार्टी की मुख्य विपक्षी दल मानी जाने वाली समाजवादी पार्टी के जिले में पांचों विधानसभाओं से उम्मीदवारी के लिए अयोध्या से तेज नारायण उर्फ पवन पांडे गोसाईगंज से अभय सिंह बीकापुर से आनंद सेन यादव मिल्कीपुर से पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद रुदौली से रुश्दी मियां विधायकी के टिकट के दावेदार माने जा रहे हैं। जबकि बसपा पार्टी के प्रमुख नेताओं ने भी अपनी दावेदारी के लिए पार्टी प्रमुख बहन सुश्री मायावती की गणेश परिक्रमा शुरू कर दी है वहीं पर आप पार्टी के सक्रिय नेताओं ने भी टिकट के लिए भाग दौड़ शुरू कर दी है।

# भव्य श्री रामलीला कार्यक्रम में बीती रात्रि सीता हरण की हुई प्रस्तुति

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : विकासखंड रुदौली के ग्राम सभा सरैठा में लीला के सातवें दिन ग्रामीण कलाकारों द्वारा खरदूषण वध व सीता हरण की प्रस्तुति की गई। जिसमें इलाकाई लोग काफी मात्रा में पहुंचे कार्यक्रम का आनंद लिया तथा कार्यक्रम को देखकर लोग भावविभोर हुए। कार्यक्रम में कई बड़े चेहरे भी उपस्थित हुए। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राम नरेश गुप्ता, सपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर पुष्कर यादव, बहुजन समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी शहरयार, युवा नेता समीर खान, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज मिश्रा, युवा प्रधान प्रतिनिधि नरौली अमरनाथ यादव, इंजीनियर मुस्ताक सहित तमाम लोग कार्यक्रम में पहुंचे। सभी आगंतुकों का आदर्श श्री रामलीला समिति सरैठा के अध्यक्ष पत्रकार नितेश सिंह ने साथियों के साथ माल्यार्पण कर सभी मेहमानों का स्वागत किया। तथा कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने कार्यक्रम कर रहे समस्त कलाकारों की सराहना भी की। कार्यक्रम के संचालक दीपक सिंह ने बताया आज रात्रि भगवान श्री राम व सुग्रीव मित्रता की भव्य प्रस्तुति की जाएगी तथा उन्होंने क्षेत्र के लोगों से बढ़ चढ़कर कार्यक्रम को देखने की अपील की। उन्होंने बताया हमारे कार्यक्रम का ऑनलाइन समाचार अयोध्या बेब चौनल के माध्यम से लाइव प्रसारण भी होता है जो भी भाई बंधू कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच पाते हैं वह लाइव के माध्यम से भी कार्यक्रम देख सकते हैं।

# राम सुग्रीव मित्रता और बालि वध का ग्रामीण कलाकारों द्वारा की गई सुंदर प्रस्तुति : जिले की तमाम नामचीन हस्तियों ने भी किया कार्यक्रम में शिरकत

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : विकासखंड रुदौली के सरैठा ग्रामसभा में चल रही 10 दिवसीय रामलीला कार्यक्रम में शनिवार को राम–सुग्रीव मित्रता, बाली वध की लीला का मंचन किया गया। भगवान राम और लक्ष्मण सीता को खोजते खोजते शबरी के घाट पर पहुंच जाते हैं। जहां शबरी उन्हें मीठे–मीठे बेर खिलाती है और बताती है कि यहीं से कुछ दूर ऋषिमूक नामक पर्वत है जहां पर महाराज सुग्रीव और उनकी सेना रहती है, जो सीता का पता लगाने के लिए अवश्य ही भगवान राम की मदद करेंगे। भगवान राम और लक्ष्मण पर्वत पर पहुंचते हैं तो वहां हनुमान उनको अपने कंधे पर बैठाकर महाराजा सुग्रीव के पास ले जाते हैं। जहां पर भगवान राम और सुग्रीव की मित्रता होती है। दोनों एक–दूसरे को अपने कष्ट बताते हैं और सुग्रीव के बताने पर भगवान राम बाली का वध करते हैं। बीती रात्रि कार्यक्रम में जिले की तमाम बड़ी हस्तियों ने शिरकत भी की। अयोध्या जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी विनोद सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचकर सभी कलाकारों को इस पावन कार्यक्रम को करने की शुभकामनाएं दी। तथा कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सैयद अब्बास अली जैदी ''रुश्दी मियां'' ने भी शिरकत की। वहीं कुमारगंज से चलकर आए वरिष्ठ समाजसेवी राजन पांडे के सुपुत्र जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडे भी पहुंचे। तथा रुदौली चतुर्थ से जिला पंचायत सदस्या कंचन पासवान तथा भाजपा नेता चंद्रभान पासवान ने भी पहुंचकर आशीर्वाद लिया। सभी आगंतुकों का कार्यक्रम के अध्यक्ष पत्रकार नितेश सिंह ने स्वागत सम्मान किया।

# प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष का अयोध्या जनपद की सीमा पर किया गया भव्य स्वागत

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्षशिवपाल सिंह यादव सामाजिक परिवर्तन रथ यात्रा को लेकर अयोध्या जनपद की सीमा में गोसाईगंज विधानसभा यादव नगर विधानसभा प्रभारी डॉ एम पी यादव जिला अध्यक्ष ललित यादव के नेतृत्व में स्वागत अभिनंदन किया गया। उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का तेजा पुर ग्राम सभा में भव्य स्वागत हुआ गोसाईगंज विधानसभा के अध्यक्ष अमित जायसवाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया गोसाईगंज बाजार में बग्गी रथ द्वारा भ्रमण कार्यक्रम हुआ गोसाईगंज की श्री राम मिष्ठान भंडार के परिवार और व्यापारी द्वारा भव्य स्वागत किया गया।टंडौली क्रॉसिंग पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया माया बाजार के छात्रा मोड़ पर डॉ एम पी यादव के नेतृत्व में जनसभा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वर्तमान सरकार को आड़े हाथों लेते बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार कानून व्यवस्था ध्वस्त होने की बात कही और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर हर परिवार के एक लड़का और लड़की को नौकरी दी जाएगी यदि नौकरी नहीं देती है सरकार 500000 रोजगार के लिए दिया जाएगा। मडना ग्राम सभा के कुर्की चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया पारा चौराहे पर अयोध्या विधानसभा अध्यक्ष हरिहार यादव के नेतृत्व में बंशीलाल यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत और सभा संबोधित किया गया। दर्शन नगर परिक्रमा मार्ग पर समायोजन सभा के अध्यक्ष के नेतृत्व में धर्मेंद्र यादव अशोक यादव ने स्वागत किया। इसी तरह हरिपुर जलालाबाद में पप्पू यादव व नानू यादव ने स्वागत किया।

# सजपा ने शुरू किया लोकतंत्र बचाओ व्यवस्था परिवर्तन लाओ अभियान

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर द्वारा आयोजित नेहरू जयंती के अवसर पर पार्टी के प्रदेश व्यापी जन जागरण अभियान के दूसरे चरण लोकतंत्र बचाओ व्यवस्था परिवर्तन लाओ अभियान का आरंभ करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और समाजवादी मंच के संयोजक अशोक श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं अपील किया कि वर्तमान अराजक राजनीत में बुनियादी व्यवस्था परिवर्तन और समाजवादी लोकतांत्रिक मूल्य आदर्शों एवं सिद्धांत अनुरूप समतामूलक समाज वादी समाज के निर्माण के लिए जन जागरण अभियान को ग्राम तथा मोहल्ला स्तर पर बैठकों गोष्ठियों एवं जनसंवाद के माध्यम से आने वाले विधानसभा चुनाव में महंगाई गरीबी बेकारी से त्रस्त जनता को जागरूक करें जिससे कि न केवल सत्ता परिवर्तन हो बल्कि इस भ्रष्ट और पूंजीवादी सांप्रदायिक तानाशाही राज को भी समूल समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपना पूरा जीवन स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद लोकतांत्रिक धर्मनिरपेक्ष समाजवादी राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया न केवल राजनैतिक स्वतंत्रता में अपना अमूल्य योगदान दिया बल्कि आर्थिक उन्नति सामाजिक सांस्कृतिक उच्च आदर्शों सांप्रदायिक सद्भाव अंतरराष्ट्रीय जगत में देश का सम्मान और गौरव बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया इसके लिए समूचा राष्ट्र उनका सदैव ऋणी रहेगा और उनका विशाल एवं विराट व्यक्तित्व एवं कृतित्व हमेशा हमें प्रेरणा योग मार्ग दर्शन देता रहेगा उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज देश की अपार संपदा जोकि आजादी के पश्चात हमारे राष्ट्र निर्माताओं ने राष्ट्रीय की विकास एवं उन्नति के लिए निर्मित की थी उसे न केवल नष्ट किया जा रहा है बल्कि उसे पूंजी पतियों एवं देसी विदेशी कंपनियों के हाथ में बेचने में वर्तमान सरकार लगी हुई है और अब कृषि क्षेत्र को भी पूंजीपतियों के हवाले करने का कुचक्र कर रही है। इसलिए यह आवश्यक है कि वर्तमान पूंजीवादी सांप्रदायिक सरकार को एकजुट होकर हटाकर लोकतांत्रिक समाजवादी धर्मनिरपेक्ष सरकार बनाने का निहित राजनैतिक स्वार्थ से ऊपर उठकर प्रयास किया जाए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष शिव प्रकाश यादव ने नेहरू जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि हमें राष्ट्र नायकों के त्याग तपस्या और बलिदान से प्राप्त आजादी और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा पूरी ताकत से की जाएगी इसके लिए जिले में पार्टी संगठन को मजबूत करते हुए विधानसभा क्षेत्र एवं ब्लॉक कमेटियों का गठन किया जाएगा और प्रत्येक सप्ताह जन जागरण अभियान के अंतर्गत बैठक एवं गोष्ठी आयोजित की जाएगी जिसकी की कार्यक्रम की घोषणा प्रमुख पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से तय करके का शीघ्र की जाएगी बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष एसएम रूमी प्रदेश सचिव अरुण कृष्ण उपाध्याय महासचिव जितेंद्र गौड़ श्याम प्रकाश प्रजापति हाफिज एजाज मुकेश यादव महानगर अध्यक्ष इंद्रपाल चतुर्वेदी ने भी नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर वर्तमान समय में उनसे प्रेरणा लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों एवं समाजवादी सिद्धांतों की रक्षा करने की बात दोहराई गयी।

# दिल्ली के लिए बुलेट ट्रेन से पूरा उत्तर प्रदेश पार होगा मात्र 3 घंटे में : रूट और स्टाप दोनो की जानकारी जारी

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : अब दिल्ली के लिए बुलेट ट्रेन को मंजूरी दे दी गई है और यह दिल्ली के लिए पहला बुलेट ट्रेन का रूट होगा। उत्तर प्रदेश के बनारस शहर से दिल्ली तक के लिए बुलेट ट्रेन के रूट मैप को अप्रूवल देकर डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट रेल मंत्रालय को सौंप दिया गया है.यह बुलेट ट्रेन दिल्ली तक का सफर बनारस से शुरू होकर के दिल्ली तक खत्म करेगा इसके बीज वह मडवाडी मिर्जापुर संत रविदास नगर प्रयागराज रायबरेली लखनऊ कानपुर आगरा मथुरा गौतम बुध नगर होते हुए दिल्ली के सराय काले खान पहुंचेगी.बुलेट ट्रेन पूरे 810 किलोमीटर की दूरी महज 3 घंटे 40 मिनट में तय कर लेगी। इस बुलेट ट्रेन को अभी तक स्टॉपेज के लिए घोषित नहीं किया गया है हालांकि एक ब्रांच रूट बनाया गया है जहां से अयोध्या और लखनऊ जाया जा सकेगा उम्मीद है कि इसका एक स्टॉपेज लखनऊ में हो,भारतीय रेलवे के आदेश के तुरंत बाद वाराणसी के डीएम बनारस में 100 हेक्टेयर जमीन के अधिग्रहण का काम शुरू कर देंगे जिस का मुआयना पहले ही किया जा चुका है. इस संबंध में जिसकी भी जमीनी आएंगी वह अगर ग्रामीण क्षेत्र में आता है तो उसे 4 गुना मुआवजा और अगर वह शहरी क्षेत्र में आता है तो सर्किल रेट के आधार पर 2 गुना मुआवजा दिया जाएगा।

# भोज भंडारा कर सूचना विभाग ने किया सम्मानित

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : दीपोत्सव के सफल आयोजन के लिए अयोध्या के पत्रकारों को उप सूचना निदेशक डॉ मुरलीधर सिंह सूचना विभाग अयोध्या मण्डल के द्वारा अनोखे तरीके से साधना आश्रम में सन्त परम्परा के अनुसार भोज भंडारा कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर साधना आश्रम के महन्थ जय राम दास उपस्थित रहे और डॉ मुरलीधर सिंह के कार्यो की जमकर तारीफ की उप सूचना निदेशक डॉ मुरलीधर सिंह का बयान बिगत 3 नवंबर को दीपोत्सव कार्यक्रम में बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा किया जा चुका है और अब 6 दिसम्बर को उसे हैंड ओबर कार्यदायी संस्था के द्वारा कर लिया जाएगा जिसकी तैयारियां चल रही हैं आज देवथानी एकादशी है इस लिए पत्रकारों को भण्डारे में आमंत्रित किया और अब 6 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर के हैड ओबर के उपलक्ष्य में दुबारा पत्रकारोँ को वे भोज भण्डारा कर सम्मानित करेगें।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।